(c) whether it is fact that formulation prices charged by all the fornmlators are the same;

(d) if so, what was the landed cost of these drugs taken by each company while fixing their formulation prices; and

(e) whether the Ministry axe aware of any such other instances; if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) and (b) To the extent infor-mation is available, the figures -of import of Cefotaxim and Cephaloridine are given below:

Year	Cefotaxim Sodium		Cephaloridine Sodiu	
	Quantity in Kgs.	CIF value (Rs. in lakhs)	Quantity in Kgs.	CIF value (Rs. in lakhs)
1990-91	1619.834	415.92	281.31	37.129
1991-92	2509.48	849.739	106.78	24.260
1992-93	4361.99	1642.48	53.16	15.10

Compay-wise imports are not monitored. Import prices differ depending on the source of imports, terms and condition of sale etc.

(c) and (d) These drugs are outside price control and Government does not fix the prices of formulations based on these drugs.

(e) Does not arise.

डंकल-प्रस्तावों का भेषजों के मूल्यों पर पड़ने वाला प्रभाव

3011. श्री एस०एस० अहलुवालिया :
श्री इन्द्र कुमार गुजराल :

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान देश के प्रमुख समाचार-पत्रों में प्रकाशित इस आशय के समाचारों की ओर दिलाया गया है कि डंकल प्रस्तावों के लागू हो जाने पर भारत में भेषजों के मूल्यों में तीन सौ प्रतिशत से अधिक वृद्धि हो जाएगी; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) जी, हां। ऐसे समाचार भ्रामक हैं, क्योंकि देश में इस समय बेची जा रही मौजूद औषधों की कीमतों पर डंकल प्रस्तावों के कारण कोई प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

भेषजों के लिये मूल्य नियंत्रण प्रणाली

3015. मौलाना मोहम्मद इस्लाम आजमी : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 12 फरवरी, 1994 के "राष्ट्रीय सहारा" में "अर्थहीन हो जाएगी दवा मूल्य नियंत्रण प्रणाली" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर ध्यान दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) :
(क) जी, हां।